# 20728 - नेल पॉलिश के साथ नमाज़ पढ़ना

**प्रश्न**

क्या इस्लाम में इस स्थिति में नमाज़ पढ़ने की अनुमति है जबकि नाखून रंगे हुए हों?

**विस्तृत उत्तर**

हर प्रकार की प्रशंसा और गुणगान केवल अल्लाह तआला के लिए योग्य है।.

महिला के लिए श्रृंगार के लिए अपने नाखूनों को ऐसी सामग्री से रंगना अनुमेय है, जो नुकसान नहीं पहुँचाती है, और उसके साथ नमाज़ पढ़ने में उसपर कोई हर्ज नहीं है। परंतु यदि इस पेंट (रंग) में कोई ऐसा पदार्थ है जो पानी को उसके नीचे तक पहुँचने से रोकता है, तो ऐसी स्थिति में वुज़ू और ग़ुस्ल तब तक सही (मान्य) नहीं हैं जब तक कि उसे हटा न दिया जाए। और अगर वुज़ू सही नहीं है, तो नमाज़ (भी) सही (मान्य) नहीं होगी।

"फतावा अल-लज्नह अद्-दाइमह" (5/218) में आया है :

"यदि नेल पॉलिश की नाखूनों की सतह पर एक शारीरिक आकृति है, तो वुज़ू करने से पहले उसे हटाए बिना वुज़ू उसके लिए पर्याप्त नहीं है। और यदि उसकी कोई शारीरिक आकृति नहीं है, तो उसके लिए वुज़ू पर्याप्त है, जैसा कि मेंहदी के साथ है।"

और अल्लाह तआला ही सबसे अधिक ज्ञान रखता है।